Result Mitra

# (QUAD) क्वाड समिट






Result Mitra

- प्रधानमंत्री मोदी अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में 9वीं बार अमेरिकी दौरे पर
- प्रधानमंत्री मोदी विलमिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज और जापानी पीएम कोमियो किशिदा के साथ क्वाड समिट में शामिल।



- क्या है क्वाड - क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग चतुर्भुज सुरक्षा संवाद।
- 2007 में बनाया गया एक सुरक्षा सहयोग संगठन जिसका उद्देश्य हिंद महासागर में शांति और सहयोग को बढ़ावा देगा। चीन की विस्तारवादी नीतियों को काउंटर करना है।




# क्वाड की नींव


- 2004 से प्रारंभ - जब 26 दिसंबर 2004 को आई सुनामी में जापान, इंडोनेशिया, भारत समेत 14 देशों में 2 लाख से अधिक मौते हुईं।
- विदेश मामलों में एक्सपर्ट हर्ष वी पंत के अनुसार सुनामी से प्रभावित देशों की मदद के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान ने एक कोर ग्रुप बनाया।



- 2005 तक इस ग्रुप ने साथ काम किया।
- 15 दिसंबर 2006 को भारत के तत्कालिक पीएम मनमोहन सिंह ने जापान दौरे पर साझा बयान में कहा हम इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में समान विचारों वाले देशों के साथ काम करने की इच्छा रखते हैं-
- अगस्त 2007 जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अपने भाषण के संबोधन में “ दो महासागरों के संगम का जिक्र किया, जिससे क्वाड की नींव और पुख्ता।



- 2007 में आसियान देशें की समिट जो मनीला, फिलीपींस में हो रही थी, तब ही इससे हटकर एक और मिटिंग चल रही थी, जिसमें भारत जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल थे।
- 2007 की इस मीटिंग को क्वाड देशों की प्राइमरी बैठक के रूप में जाना गया।
- इसी वर्ष QUAD का गठन



- लेकिन चीन के दबाव में ऑस्ट्रेलिया के पीछे हटने और अमेरिका का चीन से दोस्ती बढ़ाने के कारण क्वाड ठंडे बस्ते में चला गया।
- वर्ष 2007, क्वाड कमजोर
- 2007 में दो मालाबार नौसैनिक अभ्यास अप्रैल में जापान इसमें शामिल और सितंबर तक यह बहुपक्षीय हो गया।



- चीन ने इसका विरोध प्रारंभ किया।
- जापान पीएम शिंजो आबे का इस्तीफा।
- ऑस्ट्रेलिया से समर्थन नहीं
- भारत में कम्युनिस्ट पार्टियों द्वारा विरोध






# वर्ष 2017 क्वाड 2.0

- एक दशक के लंबे इंतजार के बाद वर्ष 2017 में एक बार फिर से मनीला, फिलीपींस में क्वाड देशों के नेताओं की मीटिंग
- इसमें भारतीय प्रधानमंत्री मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, जापान के पीएम शिंजो आबे और ऑस्ट्रेलियाई पीएम मेलकॉम टर्नबुल ने भाग लिया। क्वाड को फिर से शुरू करने पर आपसी सहमति।







Result Mitra

Result Mitra

- जिसका महत्वपूर्ण कारण चीन का बढ़ता प्रभुत्व
- और इसी के साथ हिन्द महासागर से प्रशांत महासागर तक फैले इस इलाके को अमेरिका एशिया-पैसिफिक कहता था, और इसे इंडो-पैसिफिक नाम दिया गया।
- सितंबर 2019 में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक



मोदी ने समिट में कहा-

*"क्वाड की बैठक ऐसे समय में हो रही है जब विश्व तनावों और संघर्षों से घिरा हुआ है। ऐसे में क्वाड का साथ मिलकर चलना पूरी मानवता के लिए बहुत ही जरूरी है। हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी ( क्वाड सदस्य देश) नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं।"*

क्वाड समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि

*"हम लोकतांत्रिक देश हैं जो जानते हैं कि काम कैसे पूरा करना है। मैंने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही क्वाड को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए आप सभी से संपर्क किया। आज 4 साल बाद हम रणनीतिक तौर पर पहले से कहीं अधिक एकजुट हैं। बाइडेन ने घोषणा करते हुए बताया कि क्वाड देशों के कोस्ट गार्ड के बीच सहयोग किया जाएगा। साथ ही क्वाड की तरफ से दी जाने वाली फैलोशिप में साउथ ईस्ट एशियाई देशों के छात्रों को भी शामिल किया जाएगा"*

क्वाड समिट में बोलते हुए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि

*"अगले साल PM मोदी क्वाड समिट की मेजबानी करेंगे। मैं उस पल का इंतजार कर रहा हूं। क्वाड का इतिहास लंबा नहीं है, इसका मतलब है कि यह परंपराओं से बंधा नहीं है। हम जिस क्षेत्र (इंडो पेसिफिक) का प्रतिनिधित्व करते हैं, वो मानव इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है।"*

## कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे क्वाड नेता

**ANI** @ANI · Follow

#WATCH | Wilmington, US: Quad leaders PM Narendra Modi, US President Joe Biden, Australian PM Anthony Albanese and Japanese PM Fumio Kishida arrive for the Cancer Moonshot event.

(Source: ANI/DD News)




4:15 AM · Sep 22, 2024

106 Reply Copy link

## क्वाड देशों के संयुक्त बयान की बड़ी बातें






### चीन पर

- ईस्ट और साउथ चाइना सी की स्थिति पर चिंता जताई।
- कोस्ट गार्ड और सैन्य जहाजों के खतरनाक इस्तेमाल की निंदा की।
- समुद्री सीमा के विवादों को UNCLOS के नियमों के तहत निपटाने की बात कही।



### नॉर्थ कोरिया पर

- बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम की निंदा की।
- नॉर्थ कोरिया से बातचीत की टेबल पर लौटने को कहा।
- कोरियाई प्रायद्वीप से परमाणु हथियारों को खत्म करने पर जोर दिया।



### रूस-यूक्रेन जंग पर

- अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत समाधान निकालने की बात कही।



### आतंकवाद पर

- सभी तरह के आतंकवाद की निंदा की।
- 26/11, पठानकोट आतंकी हमले और 9/11 हमलों का जिक्र हुआ।



### UNSC में सुधार

- UN में सुधारों को लेकर भी संयुक्त बयान पर जोर दिया।
- UN को समावेशी और ज्यादा प्रभावशाली बनने की बात कही।
- UNSC में अफ्रीकी, एशियाई, लेटिन अमेरिकी देशों को शामिल करने की बात कही।

Result Mitra

Result Mitra

दैनिक भास्कर

# चीन की QUAD से चिढ़ने की वजह क्या है

QUAD को चीन उसके सुपर पावर बनने के रास्ते में रोड़ा अटकाने वाला मानता है

---

चीन का मानना है कि QUAD का मकसद उसके हितों को नुकसान पहुंचाना है

---

चीन को डर कि भारत अन्य महाशक्तियों से मिलकर उसके लिए खतरा बन सकता है

---

भारत-अमेरिका की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी से चीन QUAD को लेकर घबरा रहा है

---

अमेरिका के करीबी साउथ कोरिया के QUAD से जुड़ने की चर्चा से भी चीन टेंशन में है

